भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1639
दिनांक 01.08.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

केरल में जेजेएम

1639. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केरल के जिलों विशेषकर मवेलिक्कारा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल जीवन मिशन (जेजेएम) हर घर नल योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए कुल नल से जल कनेक्शनों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उपयोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत न किए जाने अथवा प्रगति रिपोर्ट अद्यतन न किए जाने के कारण मवेलिक्कारा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जेजेएम के कार्यान्वयन में कोई विलंब हुआ है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर क्या कार्रवाई की गई है, और
(घ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केरल के जिलों विशेषकर मवेलिक्कारा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जेजेएम के कार्यान्वयन के लिए आवंटित कुल निधियों का ब्यौरा क्या है तथा केरल राज्य में चल रही परियोजनाओं और अभी तक पूरी नहीं की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) भारत सरकार केरल के ग्रामीण परिवारों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए अगस्त 2019 से, राज्यों की भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम) क्रियान्वित कर रही है। केरल राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, राज्य में 15.08.2019 को जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय, लगभग 16.64 लाख ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, 21.14 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 30.07.2024 तक, केरल में 37.78 लाख (53.33%) से अधिक ग्रामीण परिवारों के पास नल जल आपूर्ति का प्रावधान उपलब्ध है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरे भारत सरकार के स्तर पर नहीं रखे जाते हैं। तथापि, पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23 और 2023-24) और चालू वर्ष के दौरान

केरल में जेजेएम के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों की जिला-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मवेलिक्कारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों की संख्या
2021-22	53,007
2022-23	44,052
2023-24	22,699
2024-25*	9,236
कुल	1,28,994

*26.07.2024 की स्थिति के अनुसार

(ख) और (ग) जल जीवन मिशन निधियों के उपयोग संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने या प्रगति रिपोर्ट अद्यतन करने में कोई कमी नहीं है।

(घ) जल जीवन मिशन के अंतर्गत निधियां सीधे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की जाती हैं और उनके आगे जिला-वार आबंटन संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा ही किए जाते हैं न कि भारत सरकार के स्तर पर। इस प्रकार, पिछले तीन वर्षों 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान केरल राज्य सरकार को आवंटित निधियां क्रमशः 1,804.59 करोड़ रुपये, 2,206.54 करोड़ रुपये और 1,342.36 करोड़ रुपये हैं। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 में, राज्य सरकार को 1,949.36 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

केरल राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जेजेएम के अंतर्गत, सभी ग्रामीण परिवारों को कवर करने के लिए 54.45 लाख एफएचटीसी प्रदान करने के लिए अनुमोदन प्राप्त किया गया था। 26.07.2024 तक, 21.14 लाख से अधिक एफएचटीसी प्रदान किए गए हैं जो जेजेएम के तहत कुल स्वीकृत नल जल कनेक्शनों का 38.82% है। इसके अलावा, राज्य ने जेजेएम के तहत सभी योजनाओं की निविदा प्रदान कर दी है।

*****

अनुबंध

दिनांक 01.08.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1639 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं.	जिला	कुल ग्रामीण परिवार	नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार (15.08.2019 तक)		नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए ग्रामीण परिवार				नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार (30.07.2024 तक)	
			संख्या	% में	2021-22	2022-23	2023-24	2024-	संख्या	% में
1.	अलाप्पुझा	5,50,562	1,85,388	33.67%	62,315	25,926	21,694	4,842	3,61,187	65.60%
2.	एर्नाकुलम	6,22,362	2,56,529	41.22%	51,952	30,056	19,077	3,969	4,04,827	65.05%
3.	इडुक्की	2,79,516	53,471	19.13%	11,442	4,252	12,121	2,417	98,767	35.34%
4.	कन्नूर	4,46,123	69,789	15.64%	75,137	31,120	16,610	4,300	2,40,526	53.91%
5.	कासरगोड	2,54,030	39,423	15.52%	11,360	9,135	7,188	1,131	78,612	30.95%
6.	कोल्लम	6,12,200	1,37,499	22.46%	1,12,275	93,342	45,330	8,028	4,37,385	71.44%
7.	कोट्टायम	4,83,750	1,01,556	20.99%	28,549	27,822	18,924	2,648	2,19,766	45.43%
8.	कोझीकोड	5,16,966	82,443	15.95%	37,873	40,183	16,747	1,172	2,00,050	38.70%
9.	मलप्पुरम	8,02,577	1,40,881	17.55%	77,404	80,013	45,188	6,466	3,76,844	46.95%
10.	पलक्कड़	6,65,183	1,39,041	20.90%	53,609	47,021	44,477	5,414	3,74,947	56.37%
11.	पथानामथिट्टा	3,58,477	83,204	23.21%	18,267	11,464	29,827	8,535	1,71,178	47.75%
12.	तिरुवनंतपुरम	6,88,478	1,59,330	23.14%	72,466	83,957	61,064	10,615	4,39,424	63.83%
13.	त्रिशूर	6,14,464	1,73,612	28.25%	48,721	37,052	19,527	2,218	3,05,278	49.68%
14.	वायनाड	1,91,308	41,925	21.91%	2,504	8,144	9,163	2,159	69,452	36.30%
	कुल	**70,85,996**	**16,64,091**	**23.48%**	**6,63,874**	**5,29,487**	**3,66,937**	**63,914**	**37,78,243**	**53.33%**